दिनांक: 16/07/2022

प्रकाशनार्थ

## नए सत्र के संचालन की रूप रेखा हुई तैयार,13 तक जमा होगा एसएसआर

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में सत्र 2022–23 की शुरूआत के अवसर पर कुलपति प्रो राजेश सिंह के मार्गदर्शन में विभागाध्यक्षों और संकायाध्यक्षों की बैठक का आयोजन प्रशासनिक भवन स्थित कमेटी हाल में किया गया।

बैठक में सत्र 2022–23 में शैक्षणिक गतिविधियों और शैक्षिक पंचाग पर विचार विमर्श किया गया। कुलपति प्रो. राजेश सिंह ने कहा कि नैक मूल्यांकन को लेकर सेल्फ स्टडी रिपोर्ट (एसएसआर) 13 अगस्त को जमा की जाएगी। सभी विभागाध्यक्ष आईक्यूएसी सेल और क्राइटेरिया कोआर्डिनेटर्स के साथ समन्वय स्थापित कर डाटा तैयार करने में अपेक्षित सहयोग करें। सभी विभागाध्यक्ष अपने अपने विभाग की समय सारिणी को तैयार करते हुए कक्षाओं का संचालन प्रारंभ करें। मूल्यांकन कार्य को भी गति देने की आवश्यकता है। 20 जुलाई तक सीबीसीएस प्रथम सेमेस्टर का परिणाम और 31 जुलाई तक अधिकांश बड़े विषयों के परिणाम घोषित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। स्नातक और परास्नातक प्रवेश परीक्षा का कार्यक्रम भी जल्द घोषित करें। रजिस्ट्रेशन सेल का होगा गठन बैठक के दौरान कुलपति ने कहा कि सेमेस्टर सिस्टम में रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया बेहद आवश्यक है। इसे कुशल क्रियान्वयन के लिए स्नातक स्तर पर सभी संकायाध्यक्षों और परास्नातक स्तर पर सभी विभागाध्यक्षों के मार्गदर्शन में एक एक रजिस्ट्रेशन सेल का गठन किया जाएगा।

Media and Public Relations Officer
Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur
University, Gorakhpur